







## एक नजर में

### नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया



मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर डायनमिक द्वारा को शासकीय प्राथमिक विद्यालय, रिछाबच्चा में सेवा गतिविधि के अंतर्गत लगभग 50 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान क्लब अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने तथा एक आदर्श नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से हर बच्चा अपने सपनों को साकार कर सकता है तथा भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर देश और समाज का नाम रोशन कर सकता है। इस अवसर पर क्लब द्वारा ग्रामवासियों के लिए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में ब?ी संख्या में महिला-पुरुष एवं वरिष्ठ नागरिकों की आंखों की जांच की गई। चिकित्सकों ने मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र रोगों की पहचान कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया तथा समय-समय पर नेत्र जांच कराने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में लायन सुषमा नाहटा, चित्रा मण्डलोई, पुष्पा चेलावत, चन्द्रकांता पुराणिक, उषा चौधरी, सीमा जैन, नीलम जैसवानी, रेखा रात?िया, सुनिता मुजावदिया, रीता पारिख सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में चंद्रकांता पुराणिक ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया

### क्षत्रिय डांगी समाज को विभिन्न गांवों में बैठकों का आयोजन

मन्दसौर। अखिल भारतीय क्षत्रिय डांगी समाज संघ द्वारा समाज में एकजुटता और नई चेतना जागृत करने के उद्देश्य से लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में रविवार को क्षेत्र के पेटलावद, लामगरा, दासियां, केलुखेडी और वडोद गांवों में समाज की महत्वपूर्ण बैठकें संपन्न हुई। इन सभी बैठकों की शुरुआत समाज के आराध्य देव प्रभु श्री राम और भारत माता के गगनभेदी जयकारों के साथ गरिमामयी वातावरण में हुई, जिसके बाद समाज के वरिष्ठ जनों ने समाज की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा किए। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रबुद्धजनों ने समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हमारा इतिहास रघुवंश और दंडकारण्य से लेकर राजा दंग तक से जु?ा हुआ है और आज डांगी समाज देश के कोने-कोने में निवास करता है। वक्ताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विगत कुछ समय में गलत संगति और व्यसनों के कारण समाज का यह ऐतिहासिक और गौरवशाली इतिहास दबा दिया गया था, जिसे अब सामूहिक प्रयासों से पुन: उजागर और जागृत करने का समय आ गया है। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठों और युवाओं ने संगठन के प्रति निस्वार्थ भाव, ईमानदारी, वफादारी और बहादुरी के साथ काम करने तथा रात-दिन एक करके समाज को सशक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लिया। वक्ताओं ने सामाजिक कुरीतियों पर क?ा प्रहार करते हुए कहा कि समाज में सगोत्र विवाह और लव जिहाद जैसी विकृतियों व साजिशों को रोकने के लिए संगठन पूरी मुस्तैदी से काम करेगा। इसके साथ ही युवा साथियों का विशेष आह्वान किया गया कि वे आगे आएं, समाज में धर्मांतरण जैसी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को रोकने में अपना सक्रिय दायित्व निभाएं और जिस समाज में जन्म लिया है, उसका ऋण चुकाने का प्रयास करें। संगठन द्वारा आगामी कार्ययोजना साझा करते हुए बताया गया कि समाज के प्रतिभावान युवक-युवतियों तथा सेवानिवृत्त वरिष्ठ पदाधिकारियों को सम्मानित करने के लिए जल्द ही भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह और सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे प्रतिष्ठित आयोजन किए जाएंगे। इन उद्देश्यों को लेकर समाज के हर गांव और घर-घर तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए सभी स्वजाति बंधुओं से समाज सेवा में अपना अमूल्य समय दान करने की भावपूर्ण अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में समाजसेवी रायसिंह डांगी (सूर्य नगर) द्वारा उपस्थित सभी वरिष्ठों, युवाओं और सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।

### मंदसौर जिला माहेश्वरी समाज की नवीन कार्यकारिणी घोषित

मंदसौर। जिला माहेश्वरी समाज मंदसौर के सांगठनिक विस्तार और समाज को नई दिशा देने के उद्देश्य से नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिला अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री द्वारा सर्वसम्मति से ली गई इस सांगठनिक स्वीकृति की आधिकारिक जानकारी जिला सचिव राजेंद्र सोमानी ने साझा की। समाज के वरिष्ठों के मार्गदर्शन और युवाओं की ऊर्जा को समेटते हुए इस नई टीम का गठन किया गया है, जिससे सामाजिक गतिविधियों को और अधिक गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नवनियुक्त कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मांगीलाल कालानी को सौंपी गई है, जबकि उपाध्यक्ष के रूप में मांगीलाल राठी और अशोक मंडोवरा अपनी सेवाएं देंगे। समाज के वित्तीय प्रबंधन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अनिल कुमार मुन्दडा को कोषाध्यक्ष और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए शिवप्रकाश काबरा को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सह सचिव के पद पर जुगलकिशोर तोतला व संजय मंडोवरा (डीकेवाय), प्रचार मंत्री के रूप में मुरलीधर चिचानी तथा मीडिया से जु? दायित्वों के निर्वहन के लिए पत्रकार राहुल सोनी को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। संगठन को सही दिशा और मार्गदर्शन देने के लिए एक सशक्त संरक्षक मंडल और परामर्शदाता टीम का भी गठन किया गया है। संरक्षक मंडल में सर्वश्री ओमप्रकाश पलोड, राधेश्याम कैला, किशोर कुमार मंत्री और कृष्णचंद चिचानी को शामिल किया गया है, वहीं परामर्शदाता के रूप में सर्वश्री मोहनलाल सोमानी, पवन कुमार मुंद?ा, कृष्णकुमार बाहेती और गुरु एक्सप्रेस के आशुतोष नवाल समाज को अपनी अमूल्य सलाह देंगे। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में राजेश मंत्री, विजय गगरानी, महेश भंडारी, गिरिराज राठी, गिरीश राठी, महेश गेंदमल सोमानी, महेश जगदीशचंद्र सोमानी, महेन्द्र जाजू, मनोज मंडोवरा, श्याम मालू और मनोहरलाल भूतडा को शामिल कर टीम को पूर्णता प्रदान की गई है।

### ब्लॉकवार प्रभारी नियुक्त किए

मंदसौर। संगठन को बूथ एवं पंचायत स्तर तक अधिक सशक्त, सक्रिय और प्रभावी बनाने की दिशा में जिला कांग्रेस कमेटी ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नवगठित ग्राम पंचायत एवं वार्ड कांग्रेस कमेटियों के भौतिक सत्यापन हेतु ब्लॉकवार प्रभारियों की नियुक्ति की है। नियुक्त प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर समितियों का सत्यापन कर 25 जुलाई 2026 तक अपनी रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव श्री अजय लोढ़ा ने देते हुए बताया कि यह निर्णय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के निर्देशानुसार, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश संगठन महासचिव श्री संजय कामले, जिला प्रभारी श्री सदाशिव यादव एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर की सहमति से लिया गया है। उन्होंने बताया कि सत्यापन अभियान का उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करना, नवगठित पंचायत एवं वार्ड कमेटियों की सक्रियता का आकलन करना तथा संगठन को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाना है। ब्लॉकवार नियुक्त प्रभारियों में मंदसौर शहर हेतु मोहम्मद हनीफ शेख एवं अनिल शर्मा, मंदसौर ग्रामीण हेतु श्री बसंतीलाल कुमावत एवं यूनुस मेव, दलौदा हेतु शक्तिदान सिंह सिसौदिया एवं असगर मेव, धुंधड़का हेतु बालेश्वर पाटीदार एवं धर्मेन्द्र शर्मा, मल्हारगढ़ हेतु प्रवीण मांगरिया, गणपतलाल पंवार, संजीत हेतु तुलसीराम पाटीदार एवं आदित्य पाटिल को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं की मांग तेज

- स्नान, पेयजल, शेड, शौचालय एवं महिला चेंजिंग रूम सहित मूलभूत व्यवस्थाएं विकसित करने की अपील



मंदसौर। नगर के प्रसिद्ध एवं आस्था के प्रमुख केंद्र श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के शिवना नदी तट स्थित घाट पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं विकसित किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ जिले एवं प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु यहां स्नान, भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन-पूजन, अभिषेक एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के लिए पहुंचते हैं। इसके बावजूद घाट पर कई आवश्यक सुविधाओं का अभाव श्रद्धालुओं को परेशान कर रहा है।

इसी संबंध में भागवत विचार संस्थान, मंदसौर के संस्थापक पं. श्रीकृष्णवल्लभ शास्त्री (मालवा स्वामी) ने सांसद, विधायक, जिला प्रशासन, कलेक्टर एवं श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष से घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शीघ्र आवश्यक व्यवस्थाएं कराने का आग्रह किया है। पं. शास्त्री ने बताया कि घाट पर स्नान करने के बाद स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं होने से श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि घाट पर स्नान एवं पेयजल के लिए पर्याप्त संख्या में नलों की स्थायी व्यवस्था की जाए, जिससे श्रद्धालुओं को सहज सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में घाट पर बैठने के लिए पर्याप्त छायादार स्थान उपलब्ध नहीं हैं। गर्मी के मौसम में तेज धूप तथा वर्षाकाल में बारिश के कारण श्रद्धालुओं, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों को काफी परेशानी होती है। ऐसे में घाट परिसर में उपयुक्त स्थानों पर स्थायी शेड का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। पं. शास्त्री ने स्वच्छता एवं जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए घाट के समीप सड़क की दूसरी ओर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने की भी मांग की है। उनका कहना है कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ एवं सुलभ शौचालय की व्यवस्था होना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही महिलाओं की सुविधा एवं गरिमा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित चेंजिंग रूम (वस्त्र परिवर्तन कक्ष) का निर्माण भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर केवल मंदसौर ही नहीं, बल्कि पूरे मालवा अंचल का प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है।

## तेलिया तालाब के केस में नया मोड़ सुप्रीम कोर्ट ने नई अपील में जारी किए नोटिस

मंदसौर। एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) भोपाल द्वारा तेलिया तालाब के सम्बंध में पारित आदेश दिनांक 19/04/2024 के विरूद्ध मेसर्स चयन कंस्ट्रक्शन मन्दसौर के संचालक कोमल पिता सूरजमल जी बाफना की और से माननीय सर्वोच्च न्यायालय भारत नई दिल्ली के समक्ष सिविल अपील दायर की गई है। जिसकी सुनवाई सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की जाकर दिनांक 26/05/2026 को तेलिया तालाब के सभी संबंधित पक्षकारों जिसमें शासन, शासकीय विभाग व निजी पक्ष भी शामिल है सभी को नोटिस जारी कर माननीय न्यायालय द्वारा जवाब तलब किया गया है तथा अपील को सिविल अपील क्रमांक 10285/2024 के साथ टैग कर दिया गया है। मन्दसौर शहर में विगत कुछ दिनों से अपील के सूचना ङ्कपत्र पक्षकारों को प्राप्त हो रहे हैं, जो शहर मे चर्चा का विषय बना हुआ है। अपील में तेलिया तालाब के वास्तविक डूब क्षेत्र के संबंध में तथा जल संसाधन विभाग द्वारा दिनांक 05/05/2011 को नगर पालिका परिषद मंदसौर को सौंपे गये तालाब के वास्तविक जल क्षेत्र एवं सटीक सर्वे नंबरों के संबंध में गंभीर प्रश्न उठा कर अपीलार्थी ने तेलिया तालाब क्षेत्र के संबंध में गठित कमेटी की रिपोर्ट दिनांक 26/05/2023 तथा लापरवाही पूर्वक तालाब क्षेत्र के सीमांकन एवं तालाब क्षेत्र में हो रही छेड़छाड़ का मुद्दा न्यायालय के समक्ष उठाया है। अपील में शासन को जवाब प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखना है। फिलहाल सम्पूर्ण प्रकरण माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है परन्तु मन्दसौर की जनता के समक्ष सबसे यक्ष प्रश्न यही है कि तालाब का वास्तविक क्षेत्र कितना है.

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सभी निकाय कार्ययोजना बनाएं : कलेक्टर

मंदसौर। कलेक्टर अदिति गर्ग ने जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य नियोजित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश देते हुए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के सीएमओ से विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जिला स्तर पर प्रस्तुत करने को कहा है। वे सोमवार को आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित स्थानों पर ही कचरे का वैज्ञानिक निपटान सुनिश्चित किया जाए। कचरा पृथक्करण, नियमित मॉनिटरिंग, स्पॉट फाइन की प्रभावी कार्रवाई तथा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विशेष सेल गठित किया गया है तथा सभी निकाय भी इसी प्रकार सेल का गठन करें। औद्योगिक क्षेत्रों में कचरा निपटान की व्यवस्था सुदृढ़ करने के भी निर्देश दिए गए।

## बड़ेसाथ ओसवाल जैन सोश्यल ग्रुप का पारिवारिक मिलन समारोह




मंदसौर। बड़ेसाथ ओसवाल जैन सोश्यल ग्रुप के द्वितीय पारिवारिक मिलन में चार घंटे तक रंगारंग कार्यक्रमों में न केवल सामाजिक कपलों ने उत्साह के साथ भाग लिया बल्कि भावी पीढी के प्रति बालक – बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विभिन्न कार्यक्रमों के प्रदर्शन तथा परिणामों पर आकर्षक पुरस्कार भी दिए गये। शुभारंभ पांच नवकार मंत्र के सामूहिक उच्चारण से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विपिन जैन ने भाग लिया। उनका स्वागत किया गया। विशेष अतिथि तथा बड़े साथ जैन सोश्यल ग्रुप के संप्रेरक श्री सुरेन्द्र लो?ा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, बड़े साथ ओसवाल समाज के अध्यक्ष गुणवान कोठारी, मूर्तिपूजक संघ के पूर्व तथा वर्तमान अध्यक्ष क्रमश: विजय सुराणा तथा संजय जैन श्वेता, ग्रुप के परामर्शदाता विनोद मेहता, संजय मुरडिया अशोक कुमार मारू, प्रेमेन्द्र चौरडिया ने भी संस्था को अपने विचार प्रकट करते हुए शुभकामना दी। सभी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार के लाभार्थी श्री धीरज-दिव्या कांकरिया का भी बहुमान किया गया। कार्यक्रम संचालन ग्रुप के अध्यक्ष अक्षय मारू ने किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण संगीतबद्ध तम्बोला था जिसमें लगभग 100 महिला पुरुष सदस्यों ने भाग लिया। तम्बोला दिव्या कांकरिया तथा विनीता सिंघवी ने खिलाया। जमना बाफना, मनीषा मेहता, तथा ज्योति चौरडिया ने बेस्ट कपल का चयन किया।

कार्यक्रमों को सफल बनाने में ग्रुप उपाध्यक्ष धीरज कांकरिया, कपिल नाहटा, कोषाध्यक्ष अनिल नाहर, सह कोषाध्यक्ष पारस जैन, मंत्री अंकित कीमती, राकेश दुग्गड तथा संचालक मंडल सदस्य राजू मेहता, दिनेश रांका, गौरव मेहता, जितेन्द्र लोढ़ा, अनिल दुग्गड, गौरव तलेरा की पूरी सक्रियता रही। बेस्ट कपल दिनेश- दीपा रांका को घोषित किया गया। म्यूजिकल तम्बोला गेम के विनर संजय-बिन्दिया मारू, गौरव-मीनाक्षी चपरोत व महेश-साधना नाहर रहे। इनको सभी ने बधाई दी तथा पुरस्कृत किया गया। अंत में सभी का आभार ग्रुप के महामंत्री राजेश सिंघवी ने व्यक्त किया।

## मन्दसौर में जिला सेन समाज ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया भव्य सम्मान



मन्दसौर। जिला सेन समाज, मन्दसौर द्वारा आज नगर में समाज के गौरव एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों दिनेश नाई को कांग्रेस केश शिल्पी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष तथा मिथुन वप्ता को भारतीय जनता पार्टी पिछ?ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने दोनों पदाधिकारियों का साफा पहनाकर, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम में जिला सेन समाज के कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम चौहान, जिला युवा सचिव राहुल चौहान, वरिष्ठ मन्दसौर तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल परमार, वरिष्ठ मन्दसौर तहसील कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश गेहलोद, मन्दसौर नगर वरिष्ठ अध्यक्ष शेखर राज चौहान सहित समाज के वरिष्ठजन रमेश सोलंकी सोहनलाल परिहार, ब्रजेश टांकवाल, श्याम गेहलोद, राजू तोमर, विशाल खटो?, कमलेश परमार एवं ब?ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने कहा कि समाज के सदस्य विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण दायित्वों पर पहुँचकर समाज का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। समाज ने आशा व्यक्त की कि दोनों पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज एवं क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी नीरज सेन ने दी।




## शासकीय प्राथमिक विद्यालय उदपुरा में बाल कैबिनेट का गठन

**उदपुरा। विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक विद्यालय उदपुरा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य श्री राम प्रसाद वैष्णव, जन शिक्षक श्री प्रकाश दास बैरागी, संस्था प्रभारी श्री करणनाथ भाटी, श्रीमती विद्यावती तिवारी तथा समाजसेवी श्री रमेश धनगर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को बाल कैबिनेट के महत्व एवं उनके दायित्वों की जानकारी देते हुए निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा दी।**

बाल कैबिनेट में कुमारी दिव्यांशु संदीप दास बैरागी को प्रधानमंत्री, समर राहुल परमार को शिक्षा मंत्री, कु. हर्षिता को खेल मंत्री, कु. अनुष्का को अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा मंत्री, कु. दिव्यांशी को संस्कृति मंत्री, कु. हर्षिता को पर्यावरण एवं पेड़-पौधों के रखरखाव मंत्री, कुमारी अर्पिता को खाद्य मंत्री, भविष्य एवं पीयूष को विद्यालय परिसर स्वच्छता प्रभारी, युवराज एवं कु. अर्पिता को पुस्तकालय प्रभारी तथा कु. अंजलि एवं शीतल को प्रार्थना सभा प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।

कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त बाल कैबिनेट के सदस्यों ने अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। संस्था परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दलौदा पुलिस ने स्मैक व डोडाचूरा के साथ दो आरोपी पकड़े



दलोदा /नाहरगढ। पुलिस मुख्यालय भोपाल व्दारा अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विनोद कुमार मीणा (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक मंदसौर द्वारा दिये गये निर्देशो के तारतम्य में तेरसिंह बघेल अति. पुलिस अधीक्षक मन्दसौर एवं सुश्री कीर्ति बघेल एसडीओपी मंदसौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दलौदा उनि रविन्द्र प्रताप डाँगी व उनकी टीम द्वारा दिनांक 13.07.26 को अवैध रुप से परिवहन कर ले जा रहे मादक पदार्थ 30 ग्राम स्मैक पाउडर व 03.100 किलोग्राम पकड़कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

दिनांक 12.07.26 को थाना दलौदा पर पदस्थ सउनि कैलाश बघेल व्दारा प्राप्त मुखबिर सुचना पर कार्यवाही करते हुए दलौदा धुंधडका रोड श्मशान घाट के पास से एक नीले रंग की एक्टिवा स्कुटी पर सवार एक व्यक्ति जिसके पीछे एक महिला अपने हाथ में झोला लिये बैठी दिखे जिनको घेराबंदी कर रोका व नाम पता पुछते उन्होने अपना नाम शिवा उर्फ शिवनारायण परिहार पिता बसंतीलाल जाति बलाई उम्र 34 वर्ष निवासी अंबिका नगर दलौदा एंव नीलु पति शिवा उर्फ शिवनारायण बलाई उम्र 31 वर्ष निवासी अंबिका नगर दलौदा का होना बताया। जो उक्त महिला पुरुष को मुखबिर सुचना से अवगत करवाकर तलाशी लेते आरोपीगण के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक पाउडर व 03.100 ग्राम डोडाचुरा कीमती करीब 306000 रुपये के व घटना में प्रयुक्त् एक्टिवा स्कुटी स्कुटी व दो मोबाईल जप्त किये गये। जो उक्त मादक पदार्थ व घटना में प्रयुक्त वाहन को एम डी पी एस एक्ट के तहत समस्त आज्ञापाक प्रावधानो का पालन करते हुये आरोपीयो के विरुध्द थाना दलौदा पर अ.क्र.255/26 धारा 8/21,15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपीगण के विरुद्ध थाना जावरा शहर जिला रतलाम में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण पंजीबद्ध होना तथा आरोपी शिवा के विरुद्ध थाना भावगढ में अवैध शराब तस्करी व मारपीट के अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया है। गिरफ्तार दो आरोपी शिवा उर्फ शिवनारायण परिहार पिता बसंतीलाल बलाई उम्र 34 वर्ष निवासी अंबिका नगर दलौदा व नीलु पति शिवा उर्फ शिवनारायण बलाई उम्र 31 वर्ष निवासी अंबिका नगर दलौदा सपा

जफ्त मश्रुका अवैध माद पदार्थ 30 ग्राम स्मैक पाउडर कीमती 3 लाख रुपये, 3.100 किलोग्राम डोडाचुरा कीमती 6 हजार रुपये व एक्टिवा स्कूटी क्र.स्र्क्ं ॥6438 कीमती 70 हजार रुपये एवं द एन्ड्रोईड मोबाइल कीमती 01 लाख रुपये।

## शूटिंग प्रतियोगिता में दादा पोते ने पाई सफलता

**मंदसौर। प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित 16वीं स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में मंदसौर के ग्रेंडी परिवार ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए जिले का नाम रोशन किया। परिवार के 65 वर्षीय क्रिस्टोफर ग्रेंडी ने डबल ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की, वहीं मात्र 14 वर्षीय केनीथ ग्रेंडी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्री-नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।**

दोनों खिला?ियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय राष्ट्रीय शूटर एवं आईएसएसएफ सर्टिफाइड कोच स्टेनली ग्रेंडी के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण को दिया। ग्रेंडी परिवार पिछले तीन पी?ियों से शूटिंग खेल की गौरवशाली परंपरा को आगे ब?ाते हुए लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है। इस उपलब्धि पर शूटिंग जगत एवं खेल प्रेमियों ने क्रिस्टोफर ग्रेंडी दादा और पोते केनीथ ग्रेंडी और उनके कोच क्रिस्टोफर ग्रेंडी के पुत्र और केनीथ ग्रेंडी पिता एं पूर्व नेशनल शूटर स्टेनली ग्रेंडी को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

एक नजर

कुरीतियों को मिटाने और मृत्युभोज बंद करने का लिया सामूहिक संकल्प

## मंदसौर में मेघवाल समाज का प्रांतीय महाअधिवेशन संपन्न




मन्दसौर। मध्यप्रदेश मेघवाल समाज का एक दिवसीय प्रांतीय महाअधिवेशन स्थानीय नूतन सभागार मंदसौर में अत्यंत गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। इस महाधिवेशन में मंदसौर सहित आगर, उज्जैन, शाजापुर, राजग?, धार, झाबुआ, रतलाम और नीमच जिलों के सामाजिक पदाधिकारियों और प्रबुद्धजनों ने ब?-च?कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर राठौर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मेघवंश महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रभु चंदेल उपस्थित रहे। इसके साथ ही श्यामलाल जोगचंद, सर्व मेघवंश महासभा के जिलाध्यक्ष बाबूलाल थावलिया, गोरीशंकर सूर्यवंशी और सलाहकार मण्डल के अध्यक्ष राधेश्याम केहरवाल ने विशेष अतिथि के रूप में मंच की शोभा बढ़ाई।

मंचासीन अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में समाज के चहुंमुखी विकास के लिए एकजुटता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब हम अपने निर्धन भाई-बहनों को संबल प्रदान करें और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं। शिक्षा को उन्नति का सबसे ब?ा हथियार बताते हुए वक्ताओं ने समाज के हर बच्चे, विशेषकर बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने का पुरजोर आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने समाज में व्याप्त पुरानी कुरीतियों, अंधविश्वास और फिजूलखर्ची पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इन्हें जड़ से मिटाने की बात कही।